INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	**Department: Hindi (2nd Lang)**	**17.05.2022**
Worksheet no.3	**Topic:** अर्थग्रहण	**Note: Pl. file in the port folio**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

बाल मजदूरी भारत में बड़ा सामाजिक मुद्दा बनता जा रहा है जिसे नियमित आधार पर हल करना चाहिए। ये केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसे सभी सामाजिक संगठनों, मालिकों, और अभिभावकों द्वारा भी समाधित करना चाहिए। ये मुद्दा सभी के लिए है जो कि व्यक्तिगत तौर पर सुलझाना चाहिए, क्योंकि ये किसी के भी बच्चे के साथ हो सकता है। भयंकर गरीबी की वजह से बहुत सारे विकासशील देशों में बाल मजदूरी बेहद आम बात है। बाल मजदूरी की उच्च दर अभी भी 50 प्रतिशत से अधिक है जिसमें 5 से 14 साल तक के बच्चे विकासशील देशों में काम कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र में बाल मजदूरी की दर सबसे उच्च है जो ज्यादातर ग्रामीण और अनियमित शहरी अर्थव्यवस्था में दिखाई देती है जहाँ कि अधिकतर बच्चे अपने दोस्तों के साथ खेलने और स्कूल जाने के बजाए प्रमुखता से अपने माता-पिता के द्वारा कृषि कार्यों में लग गए हैं । बाल मजदूरी का मुद्दा अब अंतर्राष्ट्रीय हो चुका है क्योंकि देश के विकास और वृद्धि में ये बड़े तौर पर बाधक बन चुका है। स्वस्थ बच्चे किसी भी देश के लिए उज्ज्वल भविष्य और शक्ति होते हैं अत: बाल मजदूरी बच्चों के साथ ही देश के भविष्य को भी नुकसान पहुँचा रहा है।

प्रश्न 1 समाज को कौन से मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहिए?और यह किस की जिम्मेदारी है ?

उत्तर --

प्रश्न 2 बाल मजदूरी दर कितनी है और सबसे उच्च कहाँ पाई जाती है?

उत्तर --

प्रश्न 3 स्वस्थ बच्चे हमारे लिए क्या हैं ?

उत्तर --

प्रश्न 4 दो अनुस्वार वाले शब्द गद्यांश से चुन कर लिखें ।

उत्तर --

प्रश्न 5 गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

उत्तर --

प्रश्न 6 इक,इत,ई प्रत्ययों से बने एक-एक शब्द गद्यांश से चुन कर लिखें ।

उत्तर --

==